# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - ।
: संयोजक :
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
मुख्य कार्यालय
भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066
ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: क.भ.नि.सं./ नराकास/ददि-1/बैठक/ 1868 दिनांक: 28 FEB 2018

सेवा में,

कार्यालय प्रमुख
सदस्य कार्यालय, नराकास, (**दक्षिण दिल्ली, I**)

**विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (**दक्षिण दिल्ली, I**) की द्वितीय बैठक का आयोजन डॉ. वी.पी.जोय, भा.प्र.से., केंद्रीय भ.नि. आयुक्त, क.भ.नि.सं./ अध्यक्ष, नराकास, (**दक्षिण दिल्ली, I**) की अध्यक्षता में दिनांक 16.03.2018 को अपराह्न 3:00 बजे सम्मेलन कक्ष, तृतीय तल, कर्मचारी भ.नि. संगठन (मुख्यालय) भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में करने का निर्णय लिया गया है।

नियमानुसार नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुख का भाग लेना अनिवार्य है। अत: आपसे निवेदन है कि इस बैठक में आप स्वयं अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति कृपया सुनिश्चित करें।

इस पत्र के माध्यम से सभी नोडल कार्यालयों के अधिकारियों से अनुरोध है कि अपने-अपने कार्यालय समूह की 31.12.2017 को समाप्त छ:माही रिपोर्ट (जुलाई-सितंबर, 2017, अक्तूबर-दिसंबर, 2017 की समेकित रिपोर्ट) की समीक्षात्मक टिप्पणी अविलंब प्रेषित करें। समीक्षा रिपोर्ट tolic.epfo@epfindia.gov.in पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त इस बैठक की सूचना भी अपने-अपने कार्यालय समूह को अवश्य दें।

नराकास (**दक्षिण दिल्ली, I**) से संबंधित सभी आदेश/ परिपत्र/ सूचना क.भ.नि.सं की वेबसाईट www.epfindia.gov.in पर **EPFO Corner** टैब के अंतर्गत **"नराकास"** टैब पर उपलब्ध हैं।

सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि आप नोडल कार्यालयों को समुचित सहयोग प्रदान करें जिससे कि नराकास की आगामी बैठक में समीक्षात्मक रिपोर्टों पर चर्चा की जा सके।

भवदीय,

**(के.एल.गोयल)**
**अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय) /प्रभारी राजभाषा**

**प्रतिलिपि :**

1. श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली- बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने के अनुरोध सहित, सूचनार्थ।
2. सभी नोडल कार्यालय, नराकास, (दक्षिण दिल्ली-।) - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
3. क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, एन.डी.सी. - इस आशय के साथ कि कृपया "नराकास" टैब पर अपलोड करें।